span>

Title: Need to set up an office of the Central Wool Development Board in Bikaner, Rajasthan.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): अध्यक्षा जी, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय का ध्यान आकर्षित करवाना चाहता हूं। मैं बीकानेर संसदीय क्षेत्र से आता हूं जहां पर ऊन का उत्पादन प्रत्येक मौसम में होता है। इसी कारण बीकानेर को एशिया की ऊन मंडी के नाम से जाना जाता है। ऊन का उत्पादन, प्रौसेसिंग, पैकेजिंग आदि की सभी आधारभूत सुविधाएं वहां पर हैं। ऊन के धागे को लेकर, उसके अंतिम उत्पाद भी बीकानेर में तैयार किये जाते हैं। इस सबके बावजूद भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के केन्द्रीय ऊन विकास बोर्ड का कार्यालय जोधपुर में स्थिति है। उसे जोधपुर में ही रहने दीजिए, लेकिन मैं चाहता हूं कि बीकानेर में एक और कार्यालय वस्त्र मंत्रालय खोले ताकि बीकानेर जो एशिया की ऊन मंडी है, उसके अनुरूप ही अपनी ऊन का उत्पादन कर सके।